दैनिक ॐ प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

बर्ष :-02 अंक :-236 मुरादाबाद 23 December 2022 (Friday) पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## मुख्यमंत्री योगी ने कोरोना की स्थिति पर की समीक्षा, बोले- लोगों को फेस मास्क के लिए जागरूक करें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की और अफसरों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को निर्देश दिए हैं कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करवाएं और अस्पतालों, बस, रेलवे स्टेशन, बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को प्रदेश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों पर सूक्ष्मता से नजर रखी जाए। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय के साथ तैयारी करें। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति के परामर्श के अनुसार आगे की नीति तय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार से सतत संपर्क-संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों में जो भी नए केस मिले, उनकी जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। दैनिक टेस्टिंग को बढ़ाया जाए। गंभीर, असाध्य रोग से ग्रस्त लोगों, बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी होगी। चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग बेहतर समन्वय के साथ तैयारी करें। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति के परामर्श के अनुसार आगे की नीति तय की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार से सतत संपर्क-संवाद बनाए रखें। कोविड प्रबंधन में इंटेग्रेटेड कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की उपयोगिता का हम सभी ने अनुभव किया है। गृह, स्वास्थ्य और नगर विकास विभाग परस्पर समन्वय के साथ आइसीसीसी को फिर से एक्टिव करने की तैयारी करें। कोविड के बीच अस्पतालों के इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया गया था। हर जिले में आईसीयू, वेंटिलेटर, विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई थी। सभी अस्पतालों में चिकित्सकीय उपकरणों की क्रियाशीलता, डॉक्टरों, पैरामेडिकल



स्टाफ की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराएं। ग्रामीण हो या शहरी क्षेत्र, हर अस्पताल में पर्याप्त संसाधन होने चाहिए।

### प्रदेश में कोरोना की स्थिति सामान्य

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विभिन्न देशों में विगत एक सप्ताह से कोविड के नए केस में बढ़ोतरी देखी जा रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश में स्थिति सामान्य है। दिसम्बर माह में प्रदेश की कोविड पॉजिटिविटी दर 0.01त्न रही है। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 62 है। विगत 24 घंटों में 27,208 हजार टेस्ट किए गए और एक भी नए मरीज की पुष्टि नहीं हुई। इसी अवधि में 33 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। कोविड से बचाव के लिए ट्रेस, टेस्ट, ट्रीटमेंट और टीका की रणनीति सफल सिद्ध हुई है। संभव है आने वाले कुछ दिनों में नए केस में बढ़ोतरी हो, ऐसे में हमें अलर्ट रहना होगा। यह समय घबराने का नहीं, सतर्क और सावधान रहने का है। कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करना होगा। अस्पतालों, बस, रेलवे स्टेशन, बाजारों जैसे भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर फेस मास्क लगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक करें। कोविड के खिलाफ अब तक की लड़ाई में इन लोगों ने बड़ी भूमिका निभाई है। इस वर्ग को पुनः एक्टिव करें। ताकि यह अपने क्षेत्रों में बीमार, कोविड लक्षण युक्त लोगों पर नजर रखें, जरूरत के अनुसार तत्काल अस्पताल/डॉक्टर की सेवाएं उपलब्ध कराएं।

### आवश्यकताओं का परीक्षण करते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों के नए पद सृजित किए जाएं

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि चिकित्सा संस्थानों की अद्यतन आवश्यकताओं का परीक्षण करते हुए विशेषज्ञ चिकित्सकों के नए पद सृजित किए जाएं। पुराने पदों में कोई कटौती न की जाए। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता के साथ किया जाए। अच्छी गुणवत्ता के साथ दवाएं कम कीमत पर उपलब्ध हों, यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में जीवनरक्षक दवाओं की कमी न हो। मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन की कार्यपद्धति में सुधार की जरूरत है। स्वास्थ्य मंत्री स्तर से विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाए। एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज लक्ष्य के सापेक्ष विगत दिनों 06 जनपदों में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। इसके लिए 42 कंपनियों/संस्थाओं ने अपनी रुचि दिखाई है। योग्य और समर्थ का चयन कर यथाशीघ्र मेडिकल कॉलेज निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। कोविड संक्रमण से बचाव में टीके की उपयोगिता स्वयंसिद्ध है। 39.06 करोड़ वैक्सीनेशन डोज के साथ उत्तर प्रदेश सर्वाधिक टीका लगाने वाला राज्य है। प्रदेश में 4.48 करोड़ प्रीकॉशन डोज भी लगाए जा चुके हैं। कोविड के नए वैरिएंट के दृष्टिगत प्रीकॉशन डोज लगाए जाने में तेजी की अपेक्षा है। लोगों को प्रीकॉशन डोज की जरूरत और उपयोगिता के बारे में जागरूक किया जाए।

### प्रयागराज माघ मेले में पूर्व में मिलने वाली सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं

प्रयागराज माघ मेले के व्यवस्थित आयोजन के लिए अंतर विभागीय समन्वय के साथ कार्य हो। कल्पवासियों, श्रद्धालुओं, साधु-संतों, को पूर्व में मिलने वाली सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।प्रदेश में पहली बार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर हुई बाजरा की खरीद की प्रगति उत्साहजनक है। अब तक 45000 मीट्रिक टन खरीद हो चुकी है। किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसी भी जिले में कमी न हो।

## 'मास्क पहनो, यात्रा बंद करो... बहाने बना रही सरकार', मांडविया की चिट्ठी पर राहुल का पलटवार



नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने स्वास्थ्य मंत्री की ओर से किए गए भारत जोड़ो यात्रा बंद करने के आग्रह को लेकर केंद्र को आड़े हाथ लिया है। राहुल गांधी ने इसे सरकार की बहानेबाजी बताया है। राहुल गांधी गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा को लेकर हरियाणा के नूंह में थे। स्वास्थ्य मंत्रालय की चिट्ठी को लेकर राहुल गांधी ने कटाक्ष किया। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा ने मुझे भारत जोड़ो यात्रा बंद करने के लिए पत्र लिखा है। यात्रा को रोकने के लिए बहाने बनाए जा रहे हैं। बहाने बन रहे हैं मास्क पहनों, यात्रा बंद करो कोरोना फैल रहा है। ये सब बहाने हैं, ये भारत की सच्चाई से डर गए हैं।

### जयराम रमेश का हमला

राहुल से पहले कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी केंद्र सरकार पर हमला किया। जयराम ने कहा कि ये पत्र केवल राजनीतिक कारण से भेजा गया है। जयराम ने कहा कि ओमिक्रोन सब-वेरिएंट BF.7 के मामले जुलाई, सितंबर और नवंबर में गुजरात और ओडिशा में मिले थे, लेकिन ये पत्र अब लिखा गया। क्या चुनावों में किसी कोरोना प्रोटोकॉल का पालन हुआ था।

### स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने लिखी थी चिट्ठी

गौरतलब है कि कोरोना के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय ने राहुल गांधी को चिट्ठी लिखी थी। चिट्ठी में राहुल गांधी से भारत जोड़ो यात्रा बंद करने की अपील की गई है। चिट्ठी में कहा गया कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कोविड गाइडलाइंस का पालन किया जाए।

अगर गाइडलाइंस का पालन नहीं किया जाता तो यात्रा को स्थगित किया जाए। इसके अलावा यात्रा में मास्क व सेनीटाइजर का इस्तेमाल करने की भी अपील की गई। चिट्ठी में कहा गया कि केवल टीकाकरण वाले लोग ही इस यात्रा में हिस्सा लें। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि यात्रा में जुड़ने से पहले और बाद में यात्रियों को आइसोलेट किया जाए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सुमेरा रजबहा की पटरी कटने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ–अकराबाद – कौड़ियागंज के निकट से बह रहे सुमेरा रजबहा की पटरी कटने से कौड़ियागंज के किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं, मटर व लाहा की फसल जलमग्न हो गई। किसान जाहिद खां ने बताया है। कि रजबहा पहली बार नहीं कटा है इससे पूर्व भी रजबहा की पटरी कई बार कट चुकी है और पहले भी हमारे खेतों की फसलें पानी भर जाने से बर्वाद हुई हैं। किसानों ने बताया है जवां से बाजीदपुर जा रहे रजबहा की पटरी बहुत कमजोर है। दोनों ओर रेत की दीवार है जो पानी का थोड़ा सा लोड होने पर पटरी कट जाती हैं। की रात पटरी कटजाने से किसान जाहिद खान कि 15 बीघा, चमन खां की छह बीघा,हारुन खां की 18 बीघा, इस्लाम खां की 25 बीघा, ओरंगजेब की 19 बीघा,



खचेड़मल,दौजी,व कल्लू की नौ बीघा फसल पानी में डूब गई है। आक्रोशित किसानों का कहना है कि रजबहा की पटरी को आगे से पक्का कराया जाये तब ही पानी छोड़ा जाये। वहीं सिंचाई विभाग के अमीन सुरेंद्र सिंह ने कटी खंदी का निरीक्षण करने के बाद स्वीकार किया पटरी बेहद कमजोर है।उनका कहना था कि कई जगहों पर सैहिया जानबर ने पटरियों में गुफा बना रखीं जिससे पटरी जरा सा पानी का बहाव होते ही खंदी हो जाती हैं।वह विभाग को इसकी रिपोर्ट देंगे। वहीं किसानों ने फसलों में हुये नुकसान की भरापाई के लिए तहसील से मुआवजे की मांग की हैं।

# गोवंश से टकराकर बाइक सवार यूवक की मौत

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ– अकराबाद – कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे स्थित नानऊ पुल के निकट एक गौवंश से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गांव रामपुर लधौआ निवासी दीपक कुमार पुत्र रामकिशोर अलीगढ़ में किसी फाइनेंस कंपनी में काम करता था। बुधवार की देरशाम अलीगढ़ से बाइक द्वारा अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में नेशनल हाईवे नानऊ नहर ओवर ब्रिज पर पहुंचा तभी अचानक सामने गोवंश आ गया। तेज रफ्तार बाइक सवार गौवंश से टकरा गया और हादसे में बाइक सवार दीपक उम्र 30 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में गोवंश ने भी मौके पर दम



तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेजा है। मृतक दीपक कुमार की 5 वर्ष पहले शादी हुई थी। मृतक दीपक अपने पीछे पत्नी रुबी व एकलौते बेटे अंश को रोते बिलखते छोडा है। दीपक भी अपने पिता रामकिशोर का अकेला बेटा था। उसकी मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया है।

# एक्शनएड द्वारा एक दिवसीय जागरूकता बैठक का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती– आदित्या विड़ला कैपिटल फाऊंडेशन के सहयोग से एक्शनएड द्वारा संचालित नई पहल शिक्षा परियोजना अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड जमुनहा के ग्राम पंचायत शिकारी चौड़ा के पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत एक्शनएड के खंड समन्वयक तारिक़ अहमद द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने अपना और संस्था का परिचय देते हुए संस्था के कार्यों व उद्देश्यों के बारे में विस्तार से चर्चा किया साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन प्रक्रिया के साथ उनके कार्य और दायित्वों पर विशेष चर्चा किया उसके बाद जिसके बाद सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने पर बात किया गया साथ ही एक्शनएड की




जिला समन्वयिका गुलिस्तां आरा जी द्वारा सभी को शारदा अभियान के साथ सामाजिक सुरक्षा योजना के बारे में बताया गया

सहायक जिला समन्वयक दिनेश कुमार द्वारा सभी को एस एम सी के गठन पर बात किया उसके बाद पुनः तारिक़ अहमद द्वारा सभी को बाल श्रम ,बाल विवाह, बाल तस्करी,पर बने कानून व इसके दुष्परिणाम के विषय मे बताया गया ।कार्यक्रम में एक्शनएड से जिला समन्वयक गुलिस्ता आरा, दिनेश यादव, भागीरथी, रेहाना, तारिक़ अहमद,के साथ प्रेरक दिनेश ,प्रदीप,जितेंद्र,किशो एल दल सखी रोहिड़ी ,शिल्पी,रीता,तरुणा आदि उपस्थित रहे।

# विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ किसान दिवस



प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती– जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह के मार्गदर्शन में जिला विकास अधिकारी रामसमुझ की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया। बैठक के दौरान बीज, उर्वरक व अन्य कृषि निवेशों की उपलब्धता एवं गुणवत्ता नियंत्रण की प्रगति की समीक्षा की गई। कृषि निवेशों एवं फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों की आपूर्ति, मत्स्य पालन, रेशम उत्पादन एवं रेशम कीट पालन, दुग्ध व्यवसाय एवं उत्पादन की प्रगति, नहरों के संचालन की स्थिति, बोरिंग, चेकडैम एवं आकस्मिक सिंचाई योजना, पशुओं को चारे के उत्पादन एवं पानी आदि की उपलब्धता तथा नलकूप के संचालन की स्थिति आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपनिदेशक कृषि द्वारा कार्ययोजना बनाकर एवं फसलों के उत्पादन की तकनीक के बारे में भी बताया गया। उन्होने किसान क्रेडिट कार्ड एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में किसानों को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक इस योजना का लाभ उठाने हेतु अपील भी किया। उन्होने बताया कि कृषि विभाग के द्वारा लपेटा पाइप 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है, टोकेन बुक कर कृषक लाभ प्राप्त कर सकते है।

बैठक के दौरान किसान बन्धुओं की समस्याओं को भी सुना गया और सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि यूरिया, डी0ए0पी0, एस0एस0पी0, एन0पी0के0 सभी सघन सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अपने नजदीकी क्रय केन्द्र से उर्वरक प्राप्त कर सकते है। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, अधिसाशी अभियंता बाढ़ कार्य खण्ड विनोद कुमार गुप्ता, अधिसाशी अभियंता सरयू नहर खण्ड-6 अजय कुमार, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, भूमि संरक्षण अधिकारी शिशिर वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती– पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के कुशल निर्देशन व नेतृत्व में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान मे अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी भिनगाअतुल चौबे के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह



कोतवाली भिनगा के द्वारा समीर अली पुत्र रियासत अली ग्राम बनियागांव दा0 नरैनापुर वार्ड नंबर 01 थाना भगवानपुर जिला बांके राष्ट्र नेपाल को इंडियन पेट्रोल पंप से गिरफ्तार किया गया।

# भारत जोड़ो यात्रा के दौरान नसीमुद्दीन से धक्का-मुक्की, बोले- अनुशासनहीनता के खिलाफ होगी कार्रवाई



मुरादाबाद- कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी से धक्का-मुक्की हो गयी। इससे नाराज होकर उन्होंने कांग्रेस नेताओं को फटकार लगाई। कहा कि अनुशासन के बिना कोई दल आगे नहीं बढ़ सकता है और अनुशासनहीनता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस दौरान यात्रा में बाइक आगे निकल गई और वह अकेले वहीं खड़े रह गए। बुधवार को भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने से पहले लोग हाथों में तिरंगा लेकर आगे निकल गए। इस दौरान भीड़ ने नसीमुद्दीन सिद्दीकी के साथ धक्का-मुक्की कर डाली।

इससे खफा होकर नसीमुद्दीन सिद्दीकी भड़क गए और बोले कि- हमारी समझ में नहीं आ रहा है, यह हो क्या रहा है, कोई बताएगा? कांग्रेस महानगर अध्यक्ष अनुभव मल्होत्रा उनके पास ही खड़े थे, उन्हें नसीमुद्दीन ने खूब खरी-खोटी सुनाई।

## गांधी मूर्ति से शुरू हुई यात्रा

यूपी कांग्रेस ने प्रदेश में छह जगहों से प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की है। इन्हीं में से एक प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा संभल से शुरू हुई है। यह यात्रा संभल से शुरू होकर कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी के नेतृत्व में मुरादाबाद पहुंची। बुधवार को मुरादाबाद में प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत कंपनी बाग स्थित गांधी मूर्ति से हुई।गांधी मूर्ति से शुरू हुई यात्रा जेल रोड, गंज बाजार, टाउन हाल, चौमुखापुल, अमरोहा गेट, भूड़ा चौराहा, ईदगाह, जिगर द्वार, दस सराय चौकी व करुला होते हुए कोहिनूर तिराहे पर समाप्त हुई। जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया।

## यात्रा में कई लोग शामिल

इस मौके पर जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद, महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा, असद मौलाई, हाजी रिजवान कुरैशी, पूर्व विधायक हाजी इकराम कुरैशी, अनुराग शर्मा, मुहम्मद शमी, शिवराज सिंह गुर्जर, कबीर अहमद, अजीम कुरैशी, अफजल साबरी, जईम अहमद चौधरी, अमित पांडेय, विजय मिश्रा, एडवोकेट अरशद परवेज़, डा. मोहम्मद जमाल, दानिश कुरैशी, मुहम्मद शादान, अनमोल गुप्ता, श्याम बाबू बाल्मीकि, फहीम, नेहा नाज, रेहान अहमद, वाहिद हुसैन, फात्मा परवीन, सुहाना फात्मा, संजीव शर्मा, नवाब आसिफ, शकील सरवर हाशमी, पार्षद शकील अहमद, पार्षद कमर सलीम और मुहम्मद समीर उर्फ नून समेत अन्य मौजूद रहे।

# पत्नी के दो मर्दों से संबंध: गिरोह बनाकर महिला ने कई लड़कियों को देह व्यापार में धकेला, औरतें भी इसमें शामिल



मुरादाबाद में एक महिला ने गिरोह बनाकर किशोरियों से देह व्यापार कराया। किशोरियों ने इसका विरोध किया तो उनके परिवार को जान से करवाने की धमकी तक दी। इस मामले में आरोपी महिला के पति ने ही कोर्ट में परिवाद दर्ज कराया है। अब इस मामले में दो जनवरी होगी। सिविल लाइन क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद दायर कराया है। जिसमें उसने बताया है कि उसकी पत्नी के दो लोगों से संबंध हैं। आरोप है कि महिला ने अपने साथियों और अन्य महिलाओं के साथ मिलकर एक गिरोह बना लिया है।

ये गिरोह शहर की असहाय महिलाओं और नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर कर देह व्यापार में धकेल रही हैं। इस संबंध में वादी ने थाना सिविल लाइंस में प्रार्थना पत्र भी दिया था लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जिसकी जानकारी जब वादी की पत्नी और उसके अन्य साथियों को हुई तो उन्होंने घर में घुसकर मारपीट की और उसे घर से निकाल दिया। वादी का कहना है कि वह जहां भी जाता है वहां महिला और उसके साथी पहुंच जाते हैं और उसके साथ मारपीट करते हैं। पीड़ित ने अपने अधिवक्ता की सहयता से मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में परिवाद दायर किया। जिसकी सुनवाई अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय सचिन दीक्षित की अदालत में की गई। जिसमें अदालत ने आरोपों को संगीन मानते हुए परिवादी के बयानों के लिए आगामी दो जनवरी लगा दी है।

# स्मार्ट सिटी का मतलब है मुरादाबाद में हर चीज स्मार्ट तरह से होगी,उद्योग हित में पूरे शहर को नया स्वरुप दिया जायेगा-कमिश्नर



मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने कमिश्नरी सभागार में आयोजित मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से समयबद्ध एवं गुणवत्ता परक निस्तारण सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी का मतलब मुरादाबाद में हर चीज स्मार्ट तरह से व्यवस्थित होगी। जमीन, एनओसी, फायर आदि की समस्या है तो बताये समस्या का हर संभव निस्तारण किया जायेगा। उन्होंन कहा कि कोई बाहरी व्यक्ति भी मण्डल में निवेश की इच्छा रखता है तो इसको भी हर संभव सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। किसी भी उद्यमी को दौड़ने या चक्कर लगाने की आवश्यकता नही होगी। आयुक्त ने कहा कि सड़कों पर तेजी के साथ कार्य होगा और अतिक्रमणमुक्त होंगी। मण्डलायुक्त ने एसईजेड की खराब सड़कों एवं स्ट्रीट लाईटों को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण को एक माह के अन्दर दुरस्त करने के निर्देश दिए और कहा कि एक माह बाद बैठक एस0ई0जेड0 में होगी। इस अवसर पर आयुक्त ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में लैटर ऑफ इन्टेन्ट दाखिल करने वाले उद्यमियों श्री सुहेल अल्वी, मैसर्स मार्क इम्पैक्स मुरादाबाद, जनपद बिजनौर से श्री नवदीप राज भारती मै0 एनरशैल एलाए एण्ड स्टील लि. बिजनौर, जनपद अमरोहा से श्री तीव्रा गुप्ता मै0 सी0एल0 गुप्ता वेडेन एण्ड मेटल हैण्डीक्राफ्ट, जनपद रामपुर से श्री राजेश शर्मा मै0 इकोस्फीयर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकानॉमी बनाने के लिए देश-विदेशो से निवेशकों को आमंत्रित किया गया है। उक्त सन्दर्भ में दिनांक 10 से 12 फरवरी 2023 को लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट प्रस्तावित है, जिसमें मण्डल को 9500 करोड तथा जनपद मुरादाबाद को 600 करोड़ का लक्ष्य दिया गया है। आयुक्त ने मण्डल के सभी उद्यमियों से अनुरोध किया है कि उक्त कार्यक्रम में बढचढ़ कर हिस्सा लें। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि उद्योग विकास हित में मुरादाबाद शहर की सड़कों को सुरक्षित बनाने में उद्यमियों का सहयोग अपेक्षित है। आयुक्त ने बैठक में उद्योगों के माध्यम से नये रोजगार विकसित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए मण्डल के चहुंमुंखी एवं संतुलित औद्योगिक विकास की कार्यवाही के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि सोर्सिंग हब को उत्तर प्रदेश हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0 कैसरबाग लखनऊ को हस्तांतरित किए जाने के संबंध में अनुबंध के प्रारुप के परीक्षण हेतु समिति गठित की गयी है तथा उक्त समिति द्वारा प्रस्तुत प्रारुप पर अपनी राय प्रदान कर दी है, जिसे प्राधिकरण द्वारा सहायक आयुक्त उ0प्र0 हस्तशिल्प विकास एवं विपणन निगम लि0 को अनुमोदन हेतु प्रेषित किया जा रहा है। रामपुर रोड एकता विहार कबीरनगर, काशीपुर तिराहा पर पानी निकासी हेतु आरसीसी नाले का निर्माण कराये जाने के संबंध में सचिव एमडीए द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण द्वारा एकता विहार उत्तरी से जीरो प्वांइट रामपुर रोड तक नाले के निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग व प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग मुरादाबाद एवं एचएनएआई के प्रतिनिधि को पत्र प्रेषित किया गया है, भा0रा0प्रा0/वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त होने के उपरान्त उक्त नाले के खण्ड को भी पक्का बनाये जाने हेतु डीपीआर स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जाएगी। आयुक्त ने एनएचएआई एवं प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को निर्देश दिये कि संबंधित एनओसी जारी करने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाये। मोहम्मदपुर वस्तौर संभल रोड मुरादाबाद नाले का निर्माण के संबंध में आयुक्त ने एमडीए को निर्देशित किया कि उक्त का सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही करें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

### Mukesh in the light of transport

Enlarging the canvas of his ministry, Deputy CM Mukesh Agnihotri told how comprehensive and complete the transport services in Himachal would be with the potential of new options. Adding ropeways to the new public transport map, Agnihotri is communicating state-level commitment. If the possibility of ropeways connecting Chintpurni and Baba Balaknath temples is implemented quickly, it will fulfill the needs of religious tourism and the vision of the future. As of now only Nayana Devi temple is connected by ropeway, whereas many religious places of the state can be benefited from such projects. If such projects are linked according to temple income-expenditure, then infrastructural achievements can be ensured. For the last few years, we have been hearing about many ropeway projects, but the priorities have not been fixed in the state level blueprint. The ropeway projects of Himani Chamunda and Bijli Mahadev of Kullu have been gathering dust for years. However, if the government succeeds in bringing its initial effort to fruition under the mountain range, it could open the way for private investment in mountain transport infrastructure. Especially in urban transport, if ropeways get priority, then first of all a long standing demand of the capital Shimla will be fulfilled. The Deputy CM has expressed his desire to start projects of Dharamshala and Manali along with about 15 km ropeway of Shimla. If the government starts work on one or the other ropeway in every district, then it will be a worthwhile option for state-level transport. Apart from this, there is a need to work on the ropeway routes for freight as well. The previous government had announced to bring ropeways under legislative priority scheme and if private investment is invited along with this initiative, there will be a revolution in the transport sector. The state government is looking serious to promote such vehicles in Himachal under the electric vehicle policy. Apparently the transport sector has been neglected by the previous Jairam government and that is the reason why HRTC could not make any improvement in its bus fleet. As a result, buses on interstate routes are also proving to be a mess. For Mukesh Agnihotri, HRTC will have to carry out several administrative reforms, curb wasteful expenditure and infuse new energy to prove itself competitive. Although the Deputy CM has made a blueprint to buy one thousand new buses, but with this the scope for unnecessarily opening bus depots increases. Instead of bus depots in the state, construction of modern bus stops and bus stands in every village, town and city becomes imperative. City bus stands are not limited to vehicles only, but through these, modern shopping malls and entertainment activities can be started with private investment. By setting up bus stands, urban bus service or ropeways from bus stands to different cities should be connected. If the bus stand of religious places from the temple premises is also connected by such ropeways, then transportation and darshan will become convenient. However, in his review meeting itself, the Deputy CM told that the scope of the Ministry of Transport is not only the orbiting of HRTC, but also a comprehensive blueprint of means of transport, options and private participation. If the present government takes care of the role of the private sector in transport, then along with the increase in passenger facilities, the expenditure of the government sector will also be reduced.

# TMC MP Nusrat Jahan got such a photoshoot done in the gym wearing a bralette, everyone's eyes were wide open!

West Bengal Trinamool Congress MP and famous actress of Bengali films Nusrat Jahan keeps making headlines for her personal life more than her professional life. Along with acting, Nusrat is also very active on social media. Nusrat keeps blowing the senses of the fans through her hot and bold pictures M[illegible] her latest pictures have caught everyone's attention. Everyone's senses are blown away by seeing Nusrat's look in these pictures. Nusrat Jahan's bold gym look caught attention- Nusrat Jahan has shared pictures of her latest gym photoshoot on her official Instagram account. Nusrat is looking bold in these pictures. This style of Bengali actress is making fans crazy. In the pictures, you can see that Nusrat Jahan is seen wearing black shorts, sports bra and gray jacket. At the same time, with this, she is seen flaunting her sports bra by removing the shirt from the front. Along with this, she has completed her look by making ponytail and simple makeup. She is looking very hot in this look. Nusrat is seen giving sizzling poses in front of the camera at different locations. Such comments are coming on the look - Nusrat Jahan's pictures have got a lot of likes so far. At the same time, users are continuously praising the TMC MP by commenting on it. At the same time, many people are not liking this look of her. Commenting on this, a user wrote, 'Where did you get this beauty from?' Whereas, one writes, 'You are the most beautiful MP ever.' Many are seen trolling him. Commenting on this, a user wrote, 'You have forgotten that you are a Member of Parliament.' Many have advised them to wear full clothes. One wrote, 'Well, is she the MP of our Parliament.'



# Vicky-Katrina were seen traveling in economy class, fans were impressed by the simplicity

Vicky's film Govanda Naam Mera has been released recently. Directed by Shashank Khaitan, the film has been released directly on OTT. Whereas, Katrina Kaif was seen in the film Phone Bhoot a few days ago. The pair of Vicky Kaushal and Katrina Kaif is counted among the cutest couple of Bollywood. Recently both the stars were seen together at the airport, after which the fans were trying to know where this couple is going. Now this thing has been revealed. Actually, a video is becoming increasingly viral on social media, in which the couple is seen traveling in economy class in a flight. After this video surfaced, it has become clear that both of them had taken a flight to Delhi. Katrina and Vicky can be seen in the viral video. In this short clip, Katrina is seen wearing a black tracksuit and glasses. At the same time, Vicky is also sitting next to him in maroon track pants with a gray hoodie.



People convinced of simplicity – Fans are reacting fiercely on social media as soon as the video goes viral. One user wrote, "Traveling in economy class... wow Katrina you are so down to earth." Another user wrote, "I thought they could never travel in economy class." Many users are praising both of them a lot.

# भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- राज्यसभा की पूर्व सांसद श्रीमती सत्या बहन के गांधी मार्केट कैंप कार्यालय पर एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि के नेतृत्व में सनी आजाद ने अपने तीन दर्जन साथियों के साथ राहुल गांधी जी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने सनी आजाद को कांग्रेस का सिंबल वाला पट्टा पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया एटा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत पाराशर बाल्मीकि ने कहा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से भारत जोड़ो यात्रा की जब से शुरुआत हुई है तब से युवाओं की सोच में कुछ बदलाव आया है और युवा कांग्रेश की तरफ तेजी से जोड़ रहा है शहर अध्यक्ष ने कहा हिमाचल प्रदेश की जनता ने जो कांग्रेश को मौका दिया है उससे आने वाले समय में 2024 में कांग्रेस केंद्र में सरकार बनाने जा रही है इस दौरान दिनेश चंद्र सागर,वार्ड नंबर 4 के लालपुर के अध्यक्ष ऋषि बघेल, रामनिवास ,संजय कश्यप,सोनू कश्यप,सचिन यादव, अरुण यादव,अमन कश्यप,द्व गुड्डू चाचा, अंशुल सिंह, ओंकार, अंकुश दीक्षित, रोशन यादव,शीतल कश्यप,शिवम यादव,रोहित यादव, अंकित राव, अविनाश दीक्षित,मोनू कुमार, नीरज कुमार,कल्लू सिंह यादव, अनिल विशाल, टुकटुक कुमार, दिलीप कुमार,मनीष पांडे,अंकुश दीक्षित,कौस्तुभ कुमार,बृजेश कुमार आदि लोग शामिल हुए

# तीन को07 वर्ष के कारावास एवं 25,000 रुपये के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते हत्या के प्रयत्न के मामले के तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय से 07 वर्ष के कारावास एवं ?25,000 रुपये के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 21.12.2022 को अभियुक्त *1-विनीत पत्र जनक सिंह यादव 2-शैलेश पुत्र जनक सिह यादव 3-लोकेश पुत्र जनक सिंह यादव समस्त निवासी गण शीतलपुर थाना कोतवाली नगर एटा* संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 359/2013 धारा 307, 504 आईपीसी थाना कोतवाली नगर एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय एफटीसी प्रथम द्वारा प्रत्येक को 07 वर्ष कारावास एवं ?25000 अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# एस-10 तथा डिजिटल वॉलंटियर्स के साथ आयोजित की गई बैठक



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत एसएसपी एटा द्वारा थाना जलेसर पर सम्भ्रान्त व्यक्तियों, एस-10 तथा डिजिटल वॉलंटियर्स के साथ आयोजित की गई बैठक, कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु एवं यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा आगामी स्थानीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत थाना जलेसर पर सम्भ्रांत व्यक्ति एवं गणमान्य नागरिकों, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स के साथ मीटिंग की गयी। इस अवसर पर एसएसपी द्वारा अपराध के संबंध में सूचना देने पर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया गया साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देते हुए अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने हेतु अपील की गयी। उनके द्वारा बताया गया कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की जाती है जिससे पुलिस और आम नागरिकों में एक दूसरे के प्रति विश्वास की भावना जागरूक हो सके। बैठक के पश्चात एसएसपी एटा द्वारा कस्बे में पैदल मार्च कर लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने की हिदायत दी गई, इस दौरान एसएसपी एटा द्वारा व्यापारिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों को अपने अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा गया।


# क्रिसमस पर्व का आयोजन बहुत धूमधाम से मनाया




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-क्रिसमस के पावन पर्व पीआर आज असीसी कान्वेंट सीनियर स्कूल विद्यालय के प्रांगण में क्रिसमस पर्व का आयोजन बहुत धूमधाम से मनाया गया।सर्वप्रथम आदरणीय प्रधानाचार्या सिस्टर अंजलि मारिया,उप प्रधानाचार्या सिस्टर बैन्सी, अकाउंटेंट सिस्टर विन्सन,आदि द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया।सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रार्थना नृत्य, क्रिसमस कैरल्स गीत, चरवाहों का नृत्य बहुत उत्साह के साथ प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों द्वारा प्रभु ईसा मसीह के जन्म से संबंधित नाटिका का प्रस्तुतीकरण किया गया।सेंटा क्लॉज का आगमन होते ही विद्यार्थी खुशी से झूम उठे।प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी सेंटा क्लॉज द्वारा बच्चों को टाफ़ी, चाकलेट तथा उपहार दिए गए। क्रिसमस फ़ादर के मंच पर पहुंचने पर प्रधानाचार्या सिस्टर अंजलि मारिया ने सभी कक्षाओं के प्रत्येक वर्ग के लकी ड्रा निकाले , उन्हें उपहार भी दिलवाए। प्रधानाचार्या ने सभी को प्रभु ईसा मसीह के संदेशों से अवगत कराया तथा क्रिसमस की बधाई दी।उन्होंने बताया कि क्रिसमस ईश्वर के प्रेम, उद्धार और आनन्द का मानव जाति को संदेश देता है।यह बहुत खूबसूरत पर्व है।इसे सभी को मिल जुलकर मनाना चाहिए।

# 10 लाख का टू इन वन टॉयलेट: सामुदायिक शौचालय में एक साथ लगाईं दो शीट, बड़ा सवाल किस अधिकारी ने पास किया बजट



खंड विकास अधिकारी वर्षा बंग ने बताया कि इसकी जानकारी होते ही जांच टीम को मौके पर भेजी गई थी। जिसमें बात सही पाई गई। ऐसे में जिस पंचायत सचिव के कार्यकाल में इसका धन निकाला गया है, उस पर विभागीय कार्रवाई और धन की रिकवरी की कार्रवाई तत्काल की जा रही है। बस्ती जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां विकास खण्ड कुदरहा के ग्राम पंचायत गौरा धंधा में एक सामुदायिक शौचालय में एक ही कमरे में दो शौचालय की सीट शौचालय की सीट लगा दी गई। जिसे देखकर अधिकारी भी भौचक रह गए। सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर वायरल होने के बाद लोगों में यह शौचालय चर्चा का विषय बन गया है। बीडीओ ने जांच टीम भेजी तो बात सही पाई गई। अब संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूर कुदरहा ब्लॉक का है। जहां पंचायती राज अधिकारी शौचालय को देखकर अचरज में पड़ गए। जिसने भी देखा वो सोचने लगा कि आखिर एक समय दो लोग इसका प्रयोग कैसे करेंगे। इस सामुदायिक शौचालय का 10 लाख रुपये की लागत से निर्माण वर्ष 2020 में ही पूर्ण हो गया था। 15 जुलाई 2020 को शौचालय के प्रथम केयर टेकर सुधा देवी ने बताया कि उसी समय से ही दो टॉयलेट सीट लगा हुआ है। वर्तमान समय के केयर टेकर गिरजा देवी सफ़ाई कर्मी मुकुंद नाथ, माधुरी देवी, मीना देवी राम यज्ञ और प्रधान प्रतिनिधि जय सिंह ने बताया कि अधिकारियों को इस बावत जानकारी दी गई है। ऐसे में जिस पंचायत सचिव के कार्यकाल में इसका धन निकाला गया है, उस पर विभागीय कार्रवाई और धन की रिकवरी की कार्रवाई तत्काल की जा रही है।

# सीबीआई कोर्ट ने 5 पुलिसकर्मियों को सुनाई आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-6 साल पहले हुए फर्जी एनकाउंटर के मामले में पुलिस कर्मियों को कोर्ट ने माना दोषी फर्नीचर का काम करने वाले राजाराम का किया गया था फर्जी एनकाउंटर गाजियाबाद सीबीआई कोर्ट में चल रहा था मामला पीड़ित के परिजनों ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ फांसी की मांग की थी एटा पीपल अड्डा से पहलोई जनपद कासगंज परिजनों के साथ जा रहे थे राजाराम सीबीआई कोर्ट ने 5 पुलिसकर्मियों को सुनाई आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा, बाकी चार आरोपियों को सुनाया 5 वर्ष का कारावास परिजनों मैं खुशी,भाई अशोक बोला मिला न्याय तत्कालीन एटा जनपद के सिधपुरा वर्तमान कासगंज मैं हुआ था फर्जी एनकाउंटर

# सरकारी भवनों में गोबर पेंट को केंद्रीय मंत्री का 'अभिनंदन', CM भूपेश बोले- कर्मयोगी ही समझ सकता

रायपुर के नजदीक हीरापुर जरवाय के गौठान में महिला स्व-सहायता समूह की ओर से गोबर से पेंट तैयार किया जा रहा है। पेंट बनाने की शुरुआत अप्रैल 2022 से हुई और अब तक तीन हजार लीटर पेंट बनाकर समूह की महिलाएं बेच चुकी हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फैसले के केंद्रीय भूतल परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी मुरीद हो गए हैं। उन्होंने सरकारी भवनों की पुताई के लिए गोबर पेंट का इस्तेमाल करने के राज्य सरकार के फैसले सराहनीय और स्वागत योग्य कदम बताया है। वहीं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी केंद्रीय मंत्री को इसके लिए धन्यवाद देते हुए कहा है कि, एक कर्मयोगी ही छत्तीसगढ़ सरकार के इस कर्मयोग को समझ सकता है।



## मुख्यमंत्री ने दिए थे गोबर पेंट से पुताई के आदेश

दरअसल, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दो दिन पहले प्रदेश के सभी सरकारी भवनों में गोबर से बने पेंट की पुताई अनिवार्य कर दी है। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में कहा है कि, इसका उल्लंघन करने वाले अफसर पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्माण विभागों के केमिकल पेंट का उपयोग करने पर नाराजगी जताई है। कहा कि, गोबर पेंट का उपयोग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होगा।

## केंद्रीय मंत्री ने की तारीफ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस फैसले का केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भी तारीफ की है। उन्होंने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि, %छत्तीसगढ़ के सरकारी विभागीय निर्माणों में गोबर से बने प्राकृतिक पेंट के इस्तेमाल का आग्रह करते हुए अधिकारियों को निर्देश देने के लिए मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी का अभिनंदन करता हूं। उनका यह निर्णय सराहनीय और स्वागत योग्य है।

## सीएम बघेल ने किया धन्यवाद

केंद्रीय मंत्री के इस ट्वीट पर मुख्यमंत्री बघेल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा कि, सादर धन्यवाद! आदरणीय नितिन गडकरी जी। छत्तीसगढ़ की सरकार के इस कर्मयोग को एक कर्मयोगी ही समझ सकता है। सिर्फ बातों से नहीं, नेक इरादों से देश और प्रदेश दूसरों के लिए प्रेरणा बनते हैं। गोधन और श्रम का सम्मान गांधी का रास्ता है। हम उसी पर आगे बढ़ रहे हैं।

## नितिन गडकरी ने की थी गोबर से पेंट बनाने की घोषणा

तत्कालीन मोदी सरकार में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री रहे नितिन गडकरी ने गोबर से पेंट बनाने की योजना की घोषणा साल 2020 को की थी। उस समय उन्होंने कहा था, ग्रामीण इकोनॉमी को बल मिले और किसानों को अतिरिक्त आमदनी हो इसलिए, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से हम जल्द ही गाय के गोबर से बना वैदिक पेंट लॉन्च करने वाले हैं। इससे पशुधन रखने वाले किसानों को हर साल करीब 55 हजार रुपये का फायदा होगा। 2021 में इस श्रेणी का पहला पेंट लॉन्च हुआ।

# मस्तूरी क्षेत्र के महिला की हत्या, पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू



शव पर खरोंच और चोट के निशान मिले हैं। आसपास के लोगों ने पूछताछ में बताया कि बुधवार शाम को चंद्रिका को उसके पति शंकर सूर्यवंशी द्वारा पीटे जाने की आवाजें आ रही थीं। बिलासपुर में मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लिमतरा में एक महिला की हत्या हो गई।

सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शक के आधार पर पति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि मस्तूरी थाना क्षेत्र के ग्राम लिमतरा में चंद्रिका सूर्यवंशी की हत्या हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया। शव पर खरोंच और चोट के निशान मिले हैं। आसपास के लोगों ने पूछताछ में बताया कि बुधवार शाम को चंद्रिका को उसके पति शंकर सूर्यवंशी द्वारा पीटे जाने की आवाजें आ रही थीं। मस्तूरी पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। मृतका के पति शंकर सूर्यवंशी से पुलिस पूछताछ की जा रही है।

# आईजी सरगुजा ने सूरजपुर पुलिस के साइबर प्रहरी कार्यक्रम का किया शुभारंभ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के हर व्यक्ति तक पुलिस की पहुंच बनाने, साइबर अपराध से बचाव, सुरक्षा के प्रति जागरूकता के संदेश, महत्वपूर्ण जानकारियों को त्वरित गति से लोगों तक पहुंचाने के लिए सूरजपुर पुलिस के द्वारा साइबर प्रहरी कार्यक्रम के तहत ब्राडकास्ट ग्रुप बनाकर 38 हजार लोगों को जोड़ा है। आमजनता की सुरक्षा, अपराध से बचने की जानकारी देने व जागरूकता से जुड़े सूरजपुर पुलिस की इस नई पहल साइबर प्रहरी कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूवार, 22 दिसम्बर को पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज सरगुजा श्री रामगोपाल गर्ग के द्वारा जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री रामगोपाल गर्ग ने कहा कि साइबर अपराध, ऑनलाईन फ्राड करने वाले



ज्यादातर दिगर प्रदेश के होते है, साइबर अपराध होने के बाद आरोपी की धरपकड़, पीड़ित की मदद कर उनकी मेहनत की कमाई को वापस दिलाने की कार्यवाही पुलिस के द्वारा सुनिश्चित कराई जाती है, किन्तु नागरिकगण साइबर अपराध व ऑनलाईन फ्राड के प्रति एलर्ट और जागरूक रहेंगे तो ऐसी घटना ही न हो, इस प्रकार के अपराध को रोकने के उद्धेश्य को लेकर सूरजपुर पुलिस के द्वारा साइबर प्रहरी कार्यक्रम की शुरूवात की है। साइबर प्रहरी कार्यक्रम के तहत प्रथम चरण में जिले के 38 हजार लोगों को वाटसएप ब्राडकास्ट ग्रुप से जोड़ा गया है जिसके माध्यम से उन्हें साइबर क्राईम से जुड़ी सूचनाएं तथा कोई भी व्यक्ति धोखाधड़ी का शिकार न हो, न केवल साइबर बल्कि बहुत सारे अपराध से बचाव के लिए जागरूकता संबंधी जानकारी कम समय में त्वरित गति से उपलब्ध कराई जायेगी। आईजी सरगुजा श्री गर्ग ने कहा कि पुलिस और जनता का संबंध बना रहेगा तो अपराधों पर अकुंश लगाई जा सकेगी। सूरजपुर पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम बेहतर पुलिसिंग को और मजबूत करेगा। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि आईजी सरगुजा श्री रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में साइबर प्रहरी कार्यक्रम की रूपरेखा बनी, जिले के 13 थाना व 10 चौकियों के सम्पूर्ण क्षेत्र में कुल 543 गांव है, यहां के सभी नागरिकों तक पुलिस की पहुंच बनाने के लिए पहले फेज में 38 हजार लोगों का 110 ब्राडकास्ट ग्रुप बनाया गया है

# क्षेत्रीय विधायक श्री खेलसाय सिंह एवं कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने सूचना शिविर का छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- प्रदेश सरकार के 4 साल पूर्ण होने के अवसर पर उपलब्धियों व योजनाओं के क्रियान्वयन पर आधारित सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थल विकासखंड प्रेमनगर के कोटेया में आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक श्री खेलसाय सिंह, कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे। छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ-साथ जनसम्पर्क विभाग की ओर से नि:शुल्क पम्पलेट, पुस्तिका एवं ब्रोशर वितरित किए गए। प्रतियोगी परीक्षा तैयारी कर रहे सुश्री मायावती, रामधारी सिंह ने प्रदर्शनी में लगाए गए फोटो का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि यहां प्रदर्शित किए गए छायाचित्रों से सरकार के 4 साल के काम-काज की जानकारी मिल रही है, वहीं सरकार की ऐसी अनेक योजनाएं हैं, जिनकी जानकारी ब्रोशर व पाम्पलेट के माध्यम से पता चल रहा है। शिविर स्थल में पहुंचे ग्रामीण जन एवं शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों व जन प्रतिनिधियों ने भी प्रदर्शनी को देखकर सरकार की योजनाओं की जानकारी ली और कहा कि यह काफी उपयोगी जो कि आम लोगों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए सार्थक सिद्ध होगा तथा छायाचित्र प्रदर्शनी को सुरुचि पूर्ण व रोचक बताया। रामलखन ने किया फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन- जिले के दूरस्थ क्षेत्र विकासखंड प्रेमनगर के कोटेया निवासी श्री रामलखन ने विकास के छायाचित्र प्रदर्शनी का बड़ी गंभीरता से अवलोकन किया एवं सन बोर्ड में लगाए गए शासन की कल्याणकारी योजना से अवगत हुए। उन्होंने बताया कि वह एक किसान है व कोदो कुटकी, उड़द, मक्का एवं अन्य फसल भी लगाते है। उन्होंने बताया कि लगभग 1 क्विंटल कोदो, कुटकी उपजाऊ हुआ है। शासन के निर्देशानुसार स्व सहायता समूह द्वारा 30 रूपए किलो के हिसाब से कोदो, कुटकी खरीदी की जा रही है जोकि किसानों के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने बताया कि किसानों को उचित मूल्य में खरीदी किए जाने पर क्षेत्र के किसान कोदो, कुटकी उपजाऊ करने में किसान रुचि ले रहे हैं। श्री जोखू सिंह ने सभी योजनाओं का बड़ी गंभीरता से अवलोकन कर अध्ययन भी किया एवं शासन की योजनाओं को लाभकारी बताया।

# प्रेम विवाह के बाद दो पत्नियों को एक साथ रखना चाहता था पति, विरोध करने पर दूसरी वाली को मार डाला



जिससे प्रेम विवाह किया, उसने पहले प्यार में धोखा दिया। फिर जान ले ली। आगरा का सिक्योरिटी एजेंसी संचालक उदय सिंह ने ज्योति से प्रेम विवाह किया था। जबकि उदय पहले से ही शादीशुदा था। उसकी पहली पत्नी गांव में रहती है। यह बात उसने ज्योति से छिपाई। प्रेम विवाह के बाद ज्योति के साथ शेखर एन्क्लेव में साथ रहने लगा, लेकिन कुछ ही दिनों में उसका राज खुल गया। इसके बाद दोनों में झगड़े होने लगे। उदय दोनों पत्नियां का खर्च नहीं उठा पा रहा था। वह चाहता था कि दोनों पत्नी एक ही घर में एक साथ रहें। ज्योति पर गांव में रहने के लिए दबाव बना रहा था। ज्योति इसके विरोध में थी। ज्योति उसकी दूसरी पत्नी से कोई संबंध रखना नहीं चाहती थी। इसी बात को लेकर झगड़े बढ़ने लगे। मंगलवार को झगड़े के दौरान उदय ने ज्योति का गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद थाने पहुंच गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मामला की छानबीन की तो इन सब बातों का खुलासा हुआ। थाना सिकंदरा के प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि ज्योति के पिता बाबूराम पुलिस विभाग में थे। उनकी मौत हो गई थी। मृतक आश्रित में उनकी पत्नी सोना को फालोअर की नौकरी लगी थी। बेटी ज्योति का पहले पति से तलाक हो गया था। इसके बाद वो उदय सिंह की सिक्योरिटी एजेंसी में काम करने लगी। इसी दौरान उसकी दोस्ती उदय से हुई थी। ज्योति और उदय के बीच प्रेम संबंध हो गए। उदय ने अपनी शादी की बात छिपाई। वर्ष 2019 में कोर्ट मैरिज करने के बाद उदय और ज्योति शेखर एन्क्लेव में साथ रहने लगे। तब ज्योति को पता चला कि उदय पहले से शादीशुदा है। इसको लेकर दोनों के बीच झगड़े शुरू हो गए। ज्योति का डेढ़ साल का बेटा भी है।मंगलवार को पति-पत्नी में झगड़ा हो गया था। इसी दौरान उदय ने ज्योति की हत्या कर दी।इसके बाद थाना सिकंदरा पहुंच गया। उदय ने बताया कि वह ज्योति को अपने घर ले जाकर रहना चाहता था। मगर, वो गांव में जाने के लिए तैयार नहीं हुई। इसको लेकर झगड़ा होता था। इसलिए उसकी हत्या कर दी।मृतका की मां सोना और भाई निखिल ने बताया कि ज्योति के साथ उदय सिंह ने धोखा किया था। इस वजह से वो विरोध करती थी। उदय ज्योति के साथ आए दिन मारपीट करता था। मृतका के भाई ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

# निर्दयी बाप: पांचवीं बेटी पैदा हुई तो नवजात के मुंह पर थूका...और फिर जड़े थप्पड़, इस बेरहमी पर डॉक्टर भी चौंके



रायबरेली से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने जब पांचवीं बच्ची को जन्म दिया तो उसके पति ने नवजात के मुंह पर थूक दिया। उसके बाद उसे थप्पड़ भी मारे। इस दौरान वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए।यूपी के रायबरेली के लालगंज में पांचवीं बेटी होने से खफा एक पिता ने नवजात के मुंह पर थूक दिया। उसे थप्पड़ मारने लगा। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर वहां मौजूद चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ अन्य मरीज व उनके तीमारदार भौचक्के रह गए। लोगों ने उसे ऐसा करने से मना किया तो वह झगड़े पर उतारू हो गया। चिकित्सक ने जब पुलिस बुलाने की बात कही तो आरोपी वहां से भाग निकला। गंगापुर बरस गांव निवासी दूरपतिया ( 30 ) को प्रसव पीड़ा होने पर पति माधव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मंगलवार शाम करीब पांच बजे महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया। जब जच्चा-बच्चा को लेबर रूम से वार्ड में लाया जा रहा था, तभी बच्ची का पिता बेटी को देख अपना आपा खो बैठा और नवजात के मुंह पर थूक दिया। उसे कई थप्पड़ जड़े। मौजूद अन्य लोगों ने जब उसके इस कृत्य पर एतराज जताया तो वह झगड़े पर आमादा हो गया। हंगामा देखकर वहां तैनात चिकित्सक डॉ. दुर्गेश नंदिनी ने जब पुलिस बुलाकर गिरफ्तार कराने की बात कही तो आरोपी पिता वहां से भाग निकला। वार्ड में भर्ती सैमसी निवासिनी नीतू, कोनी की महिमा सिंह व श्यामा सिंह ने बताया कि लोगों ने जब प्रसूता के पति को ऐसा करने से मना किया तो वह सभी से झगड़ने लगा। प्रसूता ने वहां मौजूद लोगों से बताया कि उसका पति पांचवीं बेटी होने पर नाराज है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार गौतम ने बताया कि आरोपी के इस अमानवीय कृत्य पर फटकारा गया और अस्पताल से जाने के लिए कह दिया गया था।

# प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने धान खरीदी, रीपा, नल जल, राजस्व प्रकरण, अधोसंरचना सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों की समीक्षा की

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक ली। उन्होंने समर्थन मूल्य पर अब तक हुए धान खरीदी, चयनित गौठानों में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क ( रीपा ) की स्थापना, जल जीवन मिशन की प्रगति, राजस्व प्रकरणों, अधोसंरचना सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों की विभागवार समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने जल जीवन मिशन के कार्यों को लक्ष्य के अनुरूप समय सीमा में पूर्ण करने तथा कार्यादेश होने के बाद जो एजेंसी कार्य नहीं कर रहें है उन्हे तत्काल हटाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री अग्रवाल ने बिजली विभाग के अधिकारी को जिला शिक्षा अधिकारी से सूची लेकर ऐसे सभी स्कूल परिसर जहां ट्रान्सफॉर्मर स्थित है उन्हे अन्यत्र शिफ्ट करने को कहा। उन्होंने हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत सामग्रियों का वितरण क्षेत्रीय एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थित करने तथा पेंड्रा में स्थित सिंचाई विभाग के पुराने रेस्ट हाउस एवं वन विभाग के इंदिरा उद्यान का नवीनीकरण, सौंदर्यीकरण एवं रख-रखाव के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में 6 जिलों का गठन किया गया है। जिसमें गौरेला-पेंड्रा-मरवाही पहला जिला है, हमें संतुष्टी है कि जिले में काफी विकास कार्य हुए है विकास कार्यों में और भी तेजी लाने की आवश्यकता है, इसके लिए अमले की पूर्ति एवं अन्य कमियों को पूरा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों द्वारा किए गए घोषणा के कार्यों को प्राथमिकता में लेते हुए जनप्रतिनिधियों के साथ तालमेल बैठाकर जिले के विकास में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग को कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विकास के लिए जिला प्रशासन एवं सभी जिला अधिकारियों द्वारा निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रभारी मंत्री श्री अग्रवाल को आश्वस्त किया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर अब तक 10103 किसानों से 48110 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है तथा 9895 किसानों को 96 करोड़ 97 लाख रूपए का भुगतान हो चुका है। उपार्जन केंद्रों से 35 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। रीपा के तहत धनौली में कोदो कुटकी प्रसंस्करण एवं वनोपज संग्रहण, पतरकोनी में मसाला, नमकीन, मिक्चर, सोनबचरवार में स्टेशनरी एवं पूजन सामग्री, बारीउमराव में सीएलसी ईट एवं फ्लाई एश ब्रिक्स, डोंगरिया में दाल मिल और बंसीताल गौठान में ऑयल मिल इकाइयों की स्थापना के लिए कार्य प्रारंभ हो गया है। जिले में 146 गौठानों से सम्बद्ध 5339 हितग्राहियों से अब तक 1.65 लाख क्विंटल गोबर खरीदी कर 3.36 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। गौठानों में 2.97 लाख क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कर 2.09 लाख रूपए की बिक्री की गई है। बैठक में बताया गया कि जिले में 845 शासकीय तथा 118 निजी स्कूल संचालित है, जहां 68 हजार 999 बच्चे अध्ययनरत है। सभी पात्र विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक, गणवेश, सरस्वती सायकल योजना एवं मध्यान भोजन से लाभान्वित किया जा रहा है। जिले में 838 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। इन केंद्रों में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत पंचायतों के सहयोग से सभी बच्चों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। डॉ. के के ध्रुव, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते, राज्य युवा आयोग के सदस्य श्री उत्तम वासुदेव, नगर पंचायत अध्यक्ष पेंड्रा श्री राकेश जालान, नगर पंचायत अध्यक्ष गौरेला श्रीमती गंगोत्री राठौर, जनपद अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा, जनपद अध्यक्ष मरवाही श्री प्रताप सिंह मरावी, सरपंच सेमरा श्रीमती गजमती भानू, श्री मनोज गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण, वनमंडलाधिकारी श्री सत्यदेव शर्मा, अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# आजम खां, अब्दुल्ला आजम और डॉ. तजीन फात्मा पर 10 हजार का हर्जाना, दो जन्म प्रमाण पत्र का मामला

भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र होने के मामले में गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मुकदमे में सपा नेता आजम खां और उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा भी आरोपी हैं। पुलिस इस मामले में तीनों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। सपा विधायक अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाणपत्र होने के आरोप में दर्ज मुकदमे में बृहस्पतिवार को एमपी-एमएलए कोर्ट मजिस्ट्रेट ट्रायल में सुनवाई थी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता गवाह से जिरह करने नहीं पहुंचे। इस पर कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, सपा विधायक अब्दुल्ला आजम और सपा की पूर्व विधायक डॉ. तजीन फात्मा पर 10 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है।

इस मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी। कोर्ट ने आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण



पत्र होने के मामले में गंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इस मुकदमे में सपा नेता आजम खां और उनकी पत्नी डॉ. तजीन फात्मा भी आरोपी हैं। पुलिस इस मामले में तीनों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। आजम खां, डॉ. फात्मा और अब्दुल्ला जमानत पर चल रहे हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। वादी के अधिवक्ता संदीप सक्सेना ने बताया कि बृहस्पतिवार को हुई सुनवाई के दौरान मुकदमे के गवाह रूप में विवेचक नरेंद्र त्यागी और किशन अवतार कोर्ट पहुंचे। बचाव पक्ष के अधिवक्ता जिरह करने पर पहुंचे। इस पर कोर्ट ने मुकदमे के आरोपियों सपा नेता आजम खां, सपा विधायक अब्दुल्ला आजम और पूर्व विधायक डॉ. तजीन फात्मा पर 10 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। उन्होंने बताया कि मुकदमे की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश दिया है।

# कर्नाटक ने वैवाहिक दुष्कर्म केस में स्ष्ट ट्रायल का किया समर्थन, आरोपी की याचिका खारिज करने की मांग

कर्नाटक सरकार ने कहा है कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने कानून के सभी संबंधित सवालों पर विचार किया है कि क्या कानून में उस धारा को खत्म किया जाना चाहिए जो वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी से बाहर करती है।कर्नाटक सरकार ने वैवाहिक दुष्कर्म मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में ट्रायल चलाने का समर्थन किया है। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक हलफनामे में, कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज करने की मांग की है और वैवाहिक दुष्कर्म के आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा चलाने का समर्थन किया है। राज्य सरकार ने कहा है कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने कानून के सभी संबंधित सवालों पर विचार किया है कि क्या कानून की उस धारा को खत्म किया जाना चाहिए, जो वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी से बाहर करती है। सरकार ने कहा है कि ऐसा प्रस्तुत किया गया है कि याचिका कानून और तथ्यों के आधार पर विचार करने योग्य नहीं है और इसे खारिज करने की जरूरत है। हलफनामे में कहा गया है कि कर्नाटक हाईकोर्ट ने वर्तमान याचिका में शामिल कानून के सभी प्रश्नों पर विचार किया है और शीर्ष अदालत



के किसी भी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। मामले का हवाला देते हुए राज्य सरकार ने कहा कि आरोप सही है या नहीं, यह ट्रायल का विषय है और आईपीसी के तहत पतियों को वैवाहिक दुष्कर्म के खिलाफ संरक्षण मिलने के बावजूद आरोपी को इस स्तर पर दोषमुक्त नहीं किया जा सकता है।

## शीर्ष अदालत ने कर्नाटक को जारी किया था नोटिस

बता दें, आईपीसी की धारा 375 की क्लॉज-2 पति को वैवाहिक दुष्कर्म के अपराध की श्रेणी से बाहर करता है। कर्नाटक सरकार ने यह हलफनामा हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ आरोपी पति की अपील पर शीर्ष अदालत द्वारा जारी नोटिस के जवाब में दायर किया गया। कर्नाटक हाईकोर्ट ने 23 मार्च को कहा था कि एक पति को अपनी पत्नी के साथ दुष्कर्म और अप्राकृतिक यौन संबंध के आरोप से छूट देना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के खिलाफ है।

# गणित इंजीनियरिंग ही नहीं, समूचे जीवन की महत्वपूर्ण इकाई है -प्रोफेसर अली अकबर




एन.राज शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मेरठ- आईआईएमटी इंजीनियरिंग कॉलेज, मेरठ में श्रीनिवास रामानुजन की जन्मतिथि के उपलक्ष में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गणित पहेली प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके साथ साथ भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया ,जिसमें विद्यार्थियों ने अंग्रेजी अभिव्यक्ति के माध्यम से गणित की जीवन में उपयोगिता विषय पर अपने बहुमूल्य विचार सामने रखे । प्रतियोगिता में संस्कृति शर्मा प्रथम, दीपांशु कुशवाहा द्वितीय तथा रोहन गर्ग तृतीय स्थान पर रहे । सक्षम शर्मा, साक्षी, कीर्ति, रमन तोमर इत्यादि विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी शानदार रहा। प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को संस्थान के डायरेक्टर डॉक्टर संजीव माहेश्वरी तथा बीटेक प्रथम वर्ष के एचओडी अली अकबर ने बधाई दी ।कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ रेनू एवं निखिल गुप्ता ने तैयार की तथा कार्यक्रम संयोजन शिवानी अग्रवाल ने किया।



# संसद में बोले मनसुख मांडविया- कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ, स्थिति पर नजर; लड़ाई जारी रखने की है जरूरत

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सदन में जारी हंगामे के बीच गुरुवार को देश में कोरोना के हालात पर बयान दिया। उन्होंने कहा, पिछले 3 साल में कोराना वायरस के बदलते स्वभाव ने सेहत के लिए खतरा पैदा किया। इसने हर देश को प्रभावित किया। कोरोना से कई देशों पर असर पड़ा है। चीन, जापान में कोरोना से मौतें बढ़ी हैं। केंद्र और राज्य सरकार ने साथ मिलकर 220 करोड़ वैक्सीन लगाकर कीर्तिमान हासिल किया है। जापान, साउथ कोरिया, यूएसए, फ्रांस जैसे देशों में कोविड से मौतों की संख्या बढ़ी है। भारत में कम हुए कोविड के मामले- मनसुख मांडविया ने सदन में कहा कि, पिछले कुछ दिनों से दुनिया में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं लेकिन भारत में मामले कम हो रहे हैं। हम चीन में बढ़ते कोविड मामलों और इससे होने वाली मौतों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि, हम वैश्विक कोविड स्थिति पर नजर रख रहे हैं और उसी के अनुसार



कदम उठा रहे हैं। राज्यों को सलाह दी जा रही है कि वो कोविड-19 के नए वेरिएंट की समय पर पहचान करने के लिए जीनोम सीक्वेंसिंग बढ़ाएं। राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई स्वास्थ्य मंत्री ने लोकसभा में कहा कि, कोविड-19 महामारी के प्रबंधन में स्वास्थ्य विभाग काफी सक्रिय रहा है। केंद्र सरकार ने महामारी के खिलाफ लड़ाई में राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की है। अब तक 220 करोड़ कोविड वैक्सीन की डोज दी जा चुकी हैं। मंत्री ने कहा कि, नए साल और त्योहार के मद्देनजर राज्यों को सलाह दी जाती है कि वो एहतियाती खुराक के लिए जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को मास्क पहनने, सेनिटाइजर का इस्तेमाल करने और सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक करें।

महामारी से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि, हमने देश के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर आने वाले यात्रियों की रैंडम आरटी-पीसीआर सैंपलिंग भी शुरू कर दी है। हम महामारी से निपटने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उचित कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि, महामारी अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। प्रिकॉशन डोज लगाने के बाद कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना चाहिए। दुश्मन समय-समय पर बदल रहा है। उसके खिलाफ लगातार लड़ाई जारी रखने की जरूरत है।